अमर उजाला के चंद्रभान यादव को मिला 'लाडली मीडिया अवॉर्ड'

चर्चा में क्यों?

हाल ही में लैंगिक समानता के क्षेत्र में काम करने वाली प्रतिष्ठित संस्था 'पॉपुलेशन फर्स्ट' द्वारा अमर उजाला स्टेट ब्यूरो (उत्तर प्रदेश) में कार्यरत मुख्य संवाददाता चंद्रभान यादव को 'लाडली मीडिया अवॉर्ड्स 2023' से सम्मानित किया गया है।

प्रमुख बिंदु

- विदित हो कि 'पॉपुलेशन फर्स्ट' संस्था की ओर से लैंगिक संवेदनशीलता को बढ़ावा देने के लिये 'लाडली मीडिया अवॉर्ड' दिया जाता है। संस्था द्वारा लाडली मीडिया अवॉर्ड की घोषणा इस साल 21 अक्तूबर को की गई थी।
- इस अवॉर्ड के लिये देश भर से 13 भाषाओं के करीब 850 से ज़्यादा पत्रकारों ने प्रविष्टियां भेजी थी, जिनमें जूरी मेंबर्स ने 87 का चयन किया और उन्हें सम्मानित किया। इनके अलावा 31 पत्रकारों को जूरी प्रशंसा पत्र दिया गया।
- अमर उजाला स्टेट ब्यूरो में कार्यरत मुख्य संवाददाता चंद्रभान यादव को यह अवॉर्ड अमर उजाला में 'बीमारी पति पत्नी दोनों की, फिर भी सजा भुगतती पत्नी' शीर्षक से प्रकाशित खबर के लिये दिया गया है।
- गौरतलब है कि इससे पहले चंद्रभान यादव को रीच मीडिया फाउंडेशन की ओर से फेलोशिप भी मिल चुकी है।
- जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित समारोह में बाबा आमटे दिव्यांग विश्वविद्यालय, जयपुर के कुलपति प्रो. डॉ. देव स्वरूप, संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष के पॉलिसी व साझेदारी प्रमुख जयदीप बिस्वास, यूएनएफपीए की प्रोग्राम मैनेजमेंट स्पेशलिस्ट अनुजा गुलाटी और लोक संवाद संस्थान के सचिव कल्याण सिंह कोठारी ने राजीव पांडेय को सम्मानित किया।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/amar-ujala-chandrabhan-yadav-received-laadli-media-award